संख्या-69/2022/690/001-23-14-2022-12(जनरल)/2022टी0सी0

प्रेषक,

नीरजा सक्सेना,
संयुक्त सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

मुख्य विकास अधिकारी,
हमीरपुर, बांदा, जालौन,
महोबा एवं झांसी ।

लोक निर्माण अनुभाग-14 **लखनऊ: दिनांक- 03 अक्टूबर, 2022**

विषय- वित्तीय वर्ष 2022-23 में बुन्देलखण्ड विकास निधि (राज्यांश) अनुदान संख्या-83 में जनपद-हमीरपुर, बांदा, जालौन, महोबा एवं झांसी की 20 परियोजनाओं के क्रियान्वयन हेतु अवशेष धनराशि के आवंटन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य विकास अधिकारी, हमीरपुर का पत्र संख्या-153/बु0वि0नि0रा0/2022-23, दिनांक 04.09.2022, मुख्य विकास अधिकारी, बांदा का पत्र संख्या-1246/ए-3, दिनांक 09.09.2022, मुख्य विकास अधिकारी, जालौन का पत्र संख्या-1663/बु0वि0नि0(राज्यांश)/22-23, दिनांक 30.08.2022, मुख्य विकास अधिकारी, महोबा का पत्र संख्या-1268/सी-1/लो0नि0वि0(नो0)/बु0वि0नि0(रा0)/2022-23, दिनांक 03.09.2022 एवं मुख्य विकास अधिकारी, झांसी का पत्र संख्या-494/200,225-बु0वि0नि0 (राज्यांश)/2022-23, दिनांक 12.09.2022, पत्र संख्या-492/271,272,277,278-बु0वि0नि0 (राज्यांश) /2022-23, दिनांक 05.09.2022 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा विषयांकित जनपदों की कतिपय परियोजनाओं का उपयोगिता प्रमाण-पत्र आदि उपलब्ध कराते हुए अवशेष धनराशि अवमुक्त किये जाने का अनुरोध किया गया है।

इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि निम्नांकित तालिका के कॉलम संख्या-2 में अंकित जनपदों की 20 परियोजनाओं के क्रियान्वयन हेतु चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 में अगली किस्त के रूप में धनराशि रू0 7,17,43,000.00 (रूपये सात करोड़ सत्रह लाख तैतालिस हजार मात्र) अवमुक्त करते हुये आपके निवर्तन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

(धनराशि लाख रू0 में)

क्र0 सं0	कार्य का नाम/जनपद का नाम	मूल शासनादेश संख्या एवं दिनांक	लम्बाई (कि0मी0 में)	प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति	अब तक अवमुक्त कुल धनराशि	वित्तीय वर्ष 2022-23 में आवंटन
1	2	3	4	5	6	7
1	पचखुरा महान से झंझरिया का डेरा सम्पर्क मार्ग का नव निर्माण कार्य। **जनपद-हमीरपुर**	3/2017/1351/23-14-2016-12आ0बु0वि0नि0/2016, दिनांक 02.01.2017	2.30	141.53	128.30	11.68
2	पारा डभनी से तेन्दुरा तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य। **जनपद-बांदा**	9/2022/आई0/130548/2022, दिनांक 07.01.2022	1.10	69.02	1.38	35.00

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है।

http://shasanadesh.up.gov.in

3	बरसडा बुजुर्ग से महावीरन तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य। **जनपद-बांदा**	तदैव	1.95	133.41	2.67	35.00
4	मोतियारी पथरा सम्पर्क मार्ग के अवशेष भाग का निर्माण कार्य। **जनपद-बांदा**	तदैव	0.50	52.27	1.05	35.00
5	खुरहण्ड बांसी मार्ग से नहर पटरी होते हुए सदलापुरवा तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य। **जनपद-बांदा**	तदैव	2.50	152.91	3.06	35.00
6	कुशवाहा का पुरवा सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य। **जनपद-बांदा**	तदैव	1.00	65.37	1.31	35.00
7	अतर्रा बदौसा मार्ग से गिरधारी कुशवाहा (मुनीम जी के पुरवा) तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य। **जनपद-बांदा**	तदैव	0.80	62.89	1.26	35.00
8	बहेरी से नन्दवारा सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य। **जनपद-बांदा**	तदैव	4.00	247.97	4.96	49.59
9	ग्राम पुगरी के अन्तर्गत नाना बहना के पुरवा से सलामत पुरवा सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य। **जनपद-बांदा**	तदैव	2.00	148.26	2.97	35.00
10	अतर्रा ब्रांच से पनगरा बाबूलाल का पुरवा के बगल से मवई सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य। **जनपद-बांदा**	तदैव	2.60	204.67	4.09	40.93
11	राजाराम के पुरवा राजकुमार के पुरवा के बगल से मवई सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य। **जनपद-बांदा**	तदैव	3.00	222.27	4.45	44.45
12	कलारनपुरवा से छत्तूपुरवा सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य। **जनपद-बांदा**	तदैव	3.00	224.19	4.48	44.83
13	नरैनी-कालिंजर मुख्य मार्ग से पनगरा दिगहरी के पुल से पौंडिया बाबा हनुमान मंदिर तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य। **जनपद-बांदा**	तदैव	1.75	128.49	2.57	35.00
14	बैन से दहगवां सम्पर्क मार्ग कि0मी0 1 व 2(700) का निर्माण कार्य। **जनपद-जालौन**	तदैव	1.70	125.20	2.58	35.00
15	मवई खुर्द से बरमपुरा तक सम्पर्क मार्ग का नव निर्माण कार्य। **जनपद-महोबा**	134/2021/364/23-14-2021-01आ0बु0वि0नि0/2020, दिनांक 24.03.2021	2.70	139.20	5.00	35.00

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है।

16	देवरा से भदरवारा बुजुर्ग सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य। **जनपद-झांसी**	79/2019/179/23-14-2019-20आ0बु0वि0नि0/2018, दिनांक 26.02.2019	1.23	171.64	120.13	35.00
17	ककरवई मार्ग से चकाडोरी मंदिर तक सम्पर्क मार्ग (ग्रामीण मार्ग) का नव निर्माण कार्य। **जनपद-झांसी**	91/2019/197/23-14-2019-07आ0बु0वि0नि0/2017, दिनांक 03.03.2019	1.50	112.13	97.27	14.01
18	मवई गिर्द सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य। **जनपद-झांसी**	80/2021/253/23-14-2021-07आ0बु0वि0नि0/2020, दिनांक 16.03.2021	0.55	63.11	37.00	24.01
19	घुरैया से बघेरा सम्पर्क मार्ग का नव निर्माण कार्य। **जनपद-झांसी**	124/2021/521/23-14-2021-07आ0बु0वि0नि0/2019, दिनांक 24.03.2021	4.53	283.20	63.32	56.64
20	बेहटा से सनौरा सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य। **जनपद-झांसी**	तदैव	2.20	231.45	58.14	46.29
		योग	**40.91**	**2979.18**	**545.99**	**717.43**

नियम व शर्ते / प्रतिबन्धों

(1) सम्बन्धित मुख्य विकास अधिकारी का दायित्व होगा कि स्वीकृत कार्य के अवशेष कार्य कड़ी निगरानी में समयबदध ढंग से पूर्ण कराये जायँ। यह सुनिश्चित किया जाय कि आवंटित धनराशि का दुरूपयोग न हो।

(2) उक्त परियोजना पर होने वाले व्यय को स्वीकृत धनराशि तक ही सीमित रखा जायेगा, कार्य की विशिष्टियां, मानक गुणवत्ता की सम्पूर्ण जिम्मेदारी मुख्य विकास अधिकारी की होगी तथा वे यह भी सुनिश्चित करेंगे कि फण्डिंग की डुप्लीकेसी न हो तथा कार्य समय से पूरा हो। इसके लिए वे पूर्णतया उत्तरदायी होगें।

(3) आवंटित धनराशि का आहरण करने के पूर्व यह सुनिश्चित कर लिया जाय कि पूर्व आवंटित धनराशि का सदुपयोग कर लिया गया है एवं कार्य का स्थलीय निरीक्षण कर लिया गया है तथा आवंटित धनराशि से कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा।

(4) स्वीकृत धनराशि एकमुश्त न आहरित कर कार्य की आवश्यकतानुसार आहरित कर व्यय की जायेगी तथा धनराशि बैंक में न रखी जाय। स्वीकृत धनराशि अनुमोदित कार्यो पर ही व्यय की जायेगी। इससे इतर व्यय वित्तीय अनियमितता होगी, जिसका सम्पूर्ण दायित्व मुख्य विकास अधिकारी का होगा ।

(5) परियोजनान्तर्गत विभिन्न निर्माण कार्य/व्यय शासन द्वारा स्वीकृत आगणन के अनुसार ही किये जायेगें।

(6) निर्माण कार्य में प्रयोग की जाने वाली सामग्री का क्रय स्टोर परचेज नियमों तथा समय-समय पर जारी तत्सम्बन्धी शासनादेशों एवं नियमों के अनुसार ही किया जायेगा तथा कार्य के अनुमान/आगणन पर यथा स्थिति सक्षम अधिकारी की तकनीकी स्वीकृति प्राप्त कर ली जायेगी। उक्त परियोजनाओं के लिए स्वीकृत धनराशि का व्यय परियोजनाओं की विस्तृत ड्राइंग/डिजाइन व सर्वेक्षण रिपोर्ट तथा सक्षम अधिकारी की तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात सुनिश्चित किया जायेगा।

(7) स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष योजनावार वित्तीय एवं भौतिक प्रगति मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कार्यदायी संस्था से प्राप्त कर प्रत्येक माह की 07 तारीख तक प्रमुख सचिव, लोक निर्माण अनुभाग-14, उ0प्र0 शासन, लखनऊ को निर्धारित प्रपत्र पर भेजी जायेगी।

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है।

(8) सम्बन्धित मुख्य विकास अधिकारी द्वारा स्वीकृत धनराशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र बजट मैनुअल के प्राविधानों के अनुसार अनिवार्य रूप से नियत समय पर महालेखाकार, उ0प्र0 व उ0प्र0 शासन को प्रेषित किये जायेगें।

(9) स्वीकृत परियोजना के लिए आवंटित धनराशि का उपयोग दिनांक 31.03.2023 तक अवश्य कर लिया जायेगा तथा परियोजनाओं में जनपद स्तर पर कोई संशोधन/परिवर्तन नहीं किया जा सकेगा।

(10) परियोजना हेतु स्वीकृत की जा रही धनराशि के संबंध में कार्यदायी संस्था फार्म-42 आई पर उपयोगिता प्रमाण-पत्र उपलब्ध करायेगी जो स्थलीय निरीक्षण कराकर कार्य मानक/विशिष्टियों के अनुरूप पूर्णतया संतोषजनक पाये जाने पर उपयोगिता प्रमाण-पत्र अपने प्रतिहस्ताक्षर के उपरान्त फोटोग्राफ्स सहित प्रमुख सचिव, लोक निर्माण अनुभाग-14, उ0प्र0 शासन, लखनऊ को प्रेषित करेंगे तथा उसकी प्रति मण्डलायुक्त को उपलब्ध करायेंगे। परियोजना पूर्ण होने के उपरान्त यदि कोई धनराशि अवशेष रह जाती है तो अवशेष बच रही धनराशि को ट्रेजरी चालान के माध्यम से कोषागार में सुसंगत लेखा शीर्षक के अन्तर्गत जमा कराकर ट्रेजरी चालान की प्रमाणित प्रति शासन को उपलब्ध करायी जायेगी ।

(11) मण्डलायुक्त/मुख्य विकास अधिकारी परियोजना के निर्माण कार्य में गुणवत्ता एवं तदुपरांत सृजित परिसम्पत्तियों के रखरखाव की भी समुचित व्यवस्था कर लेंगें, यह भी सुनिश्चित कर लिया जाय कि उक्त कार्य की वर्तमान तथा भविष्य में अन्य योजनाओं में पुनरावृत्ति न हो।

(12) परियोजना की मात्राओं को निर्माण के समय सुनिश्चित किये जाने हेतु कार्यदायी संस्था के सक्षम अधिकारी पूर्णतया उत्तरदायी होंगे।

(13) लोक निर्माण विभाग में वर्तमान में प्रचलित व्यवस्थानुसार बजट का आनलाइन आवंटन किये जाने हेतु डी0डी0ओ0 कोड विषयक वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-10/2022/बी-1-345/दस-2022 दिनांक 04-05-2022 निर्गत किया गया है। अतः अब समस्त धनराशि का आहरण-वितरण सम्बन्धी कार्य, आहरण-वितरण अधिकारी द्वारा वित्तीय हस्तपुस्तिका भाग-6 में निहित प्राविधानों एवं सम्बन्धित वित्तीय नियमों/शासनादेशों व उक्त शासनादेश दिनांक 04-05-2022 में निहित व्यवस्था के अधीन किया जायेगा।

(14) स्वीकृत की जा रही धनराशि व्यय/उपयोग हेतु भारत सरकार/राज्य सरकार द्वारा एस0सी0एस0पी0/टी0एस0पी0 हेतु निर्धारित मानक तथा दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय ।

(15) उपर्युक्त परियोजना के समयबद्ध एवं गुणवत्तपूर्ण क्रियान्वयन के लिए मुख्य विकास अधिकारी उत्तरदायी होंगे एवं तदनुसार कार्य कराने हेतु कार्यदायी संस्था से प्रभावी समन्वयन बनाये रखेंगे ।

2- इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय रूपये 7,17,43,000.00 (रूपये सात करोड़ सत्रह लाख तैतालिस हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2022-2023 के आय-व्ययक में **अनुदान संख्या** 083 **लेखाशीर्षक** 4575027890400 बुन्देलखण्ड की विशेष योजनायें **मानक मद** 24 वृहत निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्यय) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-13/2022/बी-1-454/दस-2022-231/2022, दिनांक- 07-जून 2022 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीया,

नीरजा सक्सेना
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है।

http://shasanadesh.up.gov.in

संख्या-69/2022/690(1)/001-23-14-2022-12(जनरल)/2022टी0सी0-तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) उ0प्र0, प्रयागराज ।

2- महालेखाकार,लेखा परीक्षा प्रथम व द्वितीय,प्रयागराज ।

3- मण्डलायुक्त, सम्बन्धित मण्डल।

4- नोडल अधिकारी, बजट अलाटमेन्ट सिस्टम, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।

5- जिलाधिकारी/मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी,सम्बन्धित जनपद के अनुसार।

6- मुख्य अभियन्ता (मुख्यालय-1) लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।

7- मुख्य अभियन्ता,सम्बन्धित क्षेत्र, लोक निर्माण विभाग ।

8- सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग ।

9- वरिष्ठ आडिट आफीसर (आडीटर प्लांनिंग) कार्यालय महालेखाकार, लेखा परीक्षा प्रथम सत्यनिष्ठ भवन, 15 नार्थहिल रोड,प्रयागराज ।

10- वेब अधिकारी,लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ ।

11- वित्त (व्यय-नियंत्रण)अनुभाग-8/लोक निर्माण अनुभाग-10

12- समाज कल्याण बजट प्रकोष्ठ ।

13- गार्ड फाइल ।

आज्ञा से,

नीरजा सक्सेना
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है।